# समाज कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि

## (बीएसडब्ल्यूजी –प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर)

# सत्रीय कार्य : 2023–2024

## पाठ्यक्रम शीर्षक

**प्रथम सेमेस्टर**

बीएसडब्ल्यू–121ः व्यावसायिक समाज कार्य और इसके मूल्य

**द्वितीय सेमेस्टर**

बीएसडब्ल्यू–122ः समाज, सामाजिक संस्थान और सामाजिक समस्याएं

बीएसडब्ल्यू–123ः सामुदायिक संगठन और संचार

**अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः**
**जुलाई, 2023 सत्र–मार्च 31,2024**
**जनवरी, 2024 सत्र–सितम्बर 30,2024**

**नोटः कृपया उन पाठ्यक्रमों के लिए सत्रीय कार्य लिखें जो सेमेस्टर के अनुसार आपके लिए प्रासंगिक हों।**


इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के बीएसडब्ल्यूजी कार्यक्रम में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातक होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप हमारी मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधारने के लिए अपनी योग्यता प्रमाणित कर सकें। बीएसडब्ल्यूजी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के बी.एस.डब्ल्यू.जी अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30%भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए**। सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करे जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करे और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए यह सुनिश्चित करें कि इसमें एक परिचय है, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

**(डॉ.सायन्तनी गुइन)**
कार्यक्रम संयोजक
**email:sayantaniguin@ignou.ac.in**
Ph: 011–29571697

# व्यावसायिक समाज कार्य और इसके मूल्य

## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोडःबीएसडब्ल्यू–121**
**कुल अंक – 100**

**नोट :**

(i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी पाँच के उत्तर 500 में शब्दों दें।
(ii) सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

1. सामाजिक सुरक्षा क्या है? भारत में इसकी विशेषताओं एवं महत्व पर चर्चा करें। 20

2. यूरोप और उत्तरी अमेरिका में समाज कार्य शिक्षा के विकास और प्रक्षेपवक्र (trajectory)का पता लगाएं। 20

3. समाज कार्य की प्रकृति, वैज्ञानिक आधार और व्यावसायिक स्थिति की व्याख्या करें। 20

4 स्वैच्छिक कार्रवाई और पेशेवर समाज कार्य के बीच क्या अंतर है? स्वैच्छिक कार्रवाई और पेशेवर समाज कार्य की प्रासंगिकता पर चर्चा करें। 20

5. पेशेवर समाज कार्य में नैतिकता के महत्व का वर्णन करें। भारतीय संदर्भ में नैतिक निर्णय लेने में पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं पर प्रकाश डालें। 20

6. 'सामाजिक कार्यों में मानवीय संबंधों को भी महत्वपूर्ण सामाजिक पूंजी माना जाता है।' इस कथन के आलोक में, सामाजिक कार्य अभ्यास में सामाजिक पूंजी के रूप में मानवीय संबंधों के महत्व पर चर्चा करें। 20

7. समाज कार्य मूल्य के रूप में व्यक्ति की गरिमा और मूल्य के अर्थ और महत्व को स्पष्ट करें। 20

8. संस्कृति क्या है? संस्कृति संवेदनशील समाज कार्य अभ्यास के महत्व और जटिलताओं की व्याख्या करें। 20

# समाज, सामाजिक संस्थाएं और सामाजिक समस्याएं

## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोडःबीएसडब्ल्यू–122**
**कुल अंक – 100**

**नोट :**

(i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी पाँच के उत्तर 500 में शब्दों दें।
(ii) सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

1. . 'संस्था' शब्द से आप क्या समझते हैं? उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से संस्थानों की विशेषताओं पर चर्चा करें। 20

2. समाजीकरण के अर्थ, प्रकार, कार्य और एजेंसियों पर चर्चा करें। 20

3. 'मनुष्य द्वारा निर्मित संस्कृति मनुष्य को अन्य जानवरों से अलग करती है।' इस कथन के आलोक में मनुष्य के जीवन में संस्कृति के अर्थ, विशेषताएँ एवं प्रासंगिकता पर एक टिप्पणी लिखिए। 20

4 जाति एवं वर्ग से आप क्या समझते हैं? अंतर्निहित कार्यक्षमता पर प्रकाश डालते हुए भारत में जाति और वर्ग के बीच अंतर करें। 20

5. परिवार को परिभाषित करें तथा परिवार के विभिन्न प्रकारों की चर्चा करें। भारत में शहरीकरण के कारण बदलते पारिवारिक मानदंडों और मूल्यों पर भी प्रकाश डालें। 20

6. भूमिका संघर्ष से आप क्या समझते हैं? भारत में विवाह प्रणाली के भीतर भूमिका संघर्ष के प्रमुख क्षेत्रों और कारणों पर चर्चा करें। 20

7. प्रवासन एवं विस्थापन की विशेषताओं एवं प्रकारों का वर्णन करें। 20

8. भारत में युवाओं के बीच आत्महत्या से जुड़े कारकों और चुनौतियों की व्याख्या करें। 20

# सामुदायिक संगठन और संचार

## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोडःबीएसडब्ल्यू–123**
**कुल अंक – 100**

**नोट :**

(i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी पाँच के उत्तर 500 में शब्दों दें।
(ii) सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

1. सामुदायिक विकास के मॉडल और दृष्टिकोण पर चर्चा करें। 20

2. सामुदायिक विकास के लिए सामुदायिक संगठन की प्रासंगिकता और इसकी बाधाओं की व्याख्या करें। 20

3. संसाधन जुटाने के लिए आवश्यक बातों और इसकी चुनौतियों पर प्रकाश डालें। 20

4 शक्ति आधारित दृष्टिकोण को परिभाषित करें और इसके सिद्धांतों को सूचीबद्ध करें। 20

5. संचार के विभिन्न माध्यमों के फायदे और नुकसान सूचीबद्ध करें। 20

6. स्वास्थ्य संचार क्या है और इसके कार्यों पर चर्चा करें। 20

7. विद्यालयी समाज कार्य की आवश्यकता क्यों है? विद्यालयी समाज कार्य के मॉडलों की व्याख्या करें। 20

8. सुधारात्मक सेटिंग में सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका को स्पष्ट करें। 20